फुटकर थड़ी विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन

जयपुर। नगर निगम मुख्यालय पर गुरुवार को फुटकर व्यवसायियों ने प्रदर्शन करते हुए निगम पर चौथवसूली और धोखाधड़ी का आरोप लगाया। नगर निगम मुख्यालय पर पहुंचे सैकड़ों फुटकर व्यवसायियों ने जोरदार प्रदर्शन किया इसके बाद सीईओ ने उनको वार्ता के लिए बुलाया इसके बाद उनको आश्वासन दिया गया कि प्रवासी सम्मलेन के बाद उनको फिर से पुनः विस्थापित किया जाएगा। सीईओ ने आश्वास्त किया कि मुख्य मार्गों के अलावा अन्य स्थानों से फुटकर विक्रेताओं को नहीं हटाया जाएगा।

इससे पहले सुबह नगर निगम ने दो टीम गठित करके अतिक्रमणों को हटाया। जेएलएनएन मार्ग पहुंची टीम ने सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणों को हटाया और सामान जब्त कर लिया। गौरतलब है कि प्रवासी सम्मेलन के तहत शहर से फुटकर व्यवसायियों को हटाए जाने के विरोध मे सेंटर फॉर सिविल सोसायटी और हैरिटेज सिटी थड़ी-ठेला फुटपाथ व्यवसायी यूनियन के तले सैकड़ों फुटकर व्यवसायी ने विरोध जताया।